Title: Need to construct a four-lane road from Deharda Chauraha to Bangla Chauraha in Madhya Pradesh and also connect Ashoknagar in the State with National Highway

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): शिवपुरी जिले के देहरदा तिराहे से अशोकनगर जिले के बंगला चौराह तक की दूरी लगभग 110 कि0मी0 है और उक्त मार्ग को फोरलेन करने तथा जिला अशोकनगर को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग जनता द्वारा वर्षों से की जा रही है । यह मार्ग फोरलेन होने से शिवपुरी और अशोकनगर दो राजमार्ग NH 3-आगरा-मुम्बई और NH-46-दिनारा-पिछोर चंदेरी से बंगला चौराह से भोपाल मार्ग से जुड़ जाएँगे । इसके कारण ग्वालियर और दिल्ली से जाने वाले वाहनों को भोपाल तक पहुचने में कम समय लगेगा और ईंधन की बचत होगी । संसदीय क्षेत्र के जिला शिवपुरी में प्रसिद्ध माधव नेशनल पार्क,जिला अशोकनगर में प्रसिद्ध इतिहासिक चंदेरी नगरी में थूबोनजी,ईसागढ़ में आनंदपुर ट्रस्ट और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करीला धाम है । जिला अशोकनगर में ए-क्लास की अनाज मण्डी है जहां पर सरबती गेंहू का काफी उत्पादन होता है और पूरे देश में इसका निर्यात होता है, व्यापारियों को दूरस्थ जिलों तक यात्रा करनी पड़ती है । अशोकनगर में जनजाति समुदाय के काफी संख्या में ग्राम हैं जिनके विकास के लिए भी इसको राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ना अनिवार्य है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत देहरदा तिराहा से बंगला चौराहा तक फोरलेन मार्ग निर्माण तथा जिला मुख्यालय अशोकनगर को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की स्वीकृति प्रदान करें ।